एक नजर में

ठुठवा मेला परिसर और स्नान घाट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



धौरहरा खीरी। आगामी कार्तिक पूर्णिमा से शुरू होने वाले गांजर क्षेत्र के प्राचीन और प्रसिद्ध ठुठवा मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। शनिवार को ईसानगर थाना परिसर में समाधान दिवस के समापन के बाद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की टीम ने मेला स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।एसडीएम धौरहरा युगान्तर त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभिषेक और ईसानगर थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने संयुक्त रूप से ठुठवा मेला परिसर, मेला ग्राउंड, स्नान घाट और आवागमन के प्रमुख मार्गों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर संबंधित जिम्मेदारों और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेले से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं तय समय सीमा के भीतर हर हाल में दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गौरतलब है कि गांजर क्षेत्र की आस्था का केंद्र माने जाने वाले इस ऐतिहासिक ठुठवा मेले का शुभारंभ परंपरागत रूप से कार्तिक पूर्णिमा के दिन से होता है, जिसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

विद्या निकेतन में बाल दिवस बौद्धिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओ के साथ संपन्न

गोला गोकर्णनाथ खीरी। लखीमपुर रोड स्थित स्थानीय विद्यालय वि.कु. स्मा. सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज, में बौद्धिक प्रतियोगिताओ एवं खेलकूद प्रतियोगिताओ के साथ बच्चों का बाल दिवस हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्चन, दीप प्रज्वलन से हुआ। रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में 12 बी की टीम के पीयूष रस्तोगी, उत्कर्ष मिश्रा, रौनक शर्मा, अनस नामी, जैन सिंह, अनिकेत, शौर्य प्रताप सिंह, देव सरकार, निश्चय श्रीवास्तव, नितिन सिंह, ऋतुराज सिंह, शिवा शुक्ला, खो खो प्रतियोगिता में प्रशांत सिंह, परमीत सिंह, कबड्डी प्रतियोगिता में आशुतोष अवस्थी, अनिकेत वर्मा, नैतिक कश्यप, श्लोक, प्रशांत वर्मा, बैडमिंटन प्रतियोगिता में शौर्य वर्मा, देवत्सय, जूनियर कब्बड़ी प्रतियोगिता में 6ठ1 , रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में 6ठ1 तथा खो खो प्रतियोगिता में 6ठ तथा सीनियर कब्बड़ी प्रतियोगिता में कक्षा 12 एवं कक्षा 10 विजेता रहे। चौपाई, दोहा, भजन पर आधारित अंताक्षरी प्रतियोगिता बाल दिवस का आकर्षण रही। विवान बाजपेई ने शिवम शंकर डमरू वालेश् भजन सुनाकर सभी का मन मोह लिया। नंदिनी बाजपेयी, श्रेया अवस्थी, अवंतिका सिंह, श्रेया दीक्षित, आदया बाजपेई, सृष्टि सिंह चौहान, उत्कर्ष मिश्रा, नैतिक आदि ने गीत, भजन सुनाकर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दियास विद्यालय के उप प्रधानाचार्य कौशल किशोर मिश्रा व शारीरिक शिक्षा प्रमुख श्री महेन्द्र नाथ पाठक एवं अन्य शिक्षकध् शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में खेलकूद प्रतियोगिताओं को निर्धारित समयध्याली के अनुसार सुचारु रूप से संपन्न कराया गया ।

इंद्रपाल छेदू लाल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बालदिवस

धौरहरा खीरी। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बालदिवस के रूप मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र वर्मा व प्रधानाचार्य सतेन्द्र वर्मा ने सरस्वती मां के चित्र पर दीप जलाकर माल्यार्पण किया। उसके बाद फिर जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया । नेहरू जी बच्चों के बीच बहुत लोकप्रिय थे बच्चे इनको चाचा नेहरू कहते थे। प्रधानाचार्य ने चाचा नेहरू के जीवन चरित्र के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया। बच्चे देश के भविष्य होते हैं उनको शिक्षा, अनुशासन, कर्त्तव्यपरायण होना चाहिए। विद्यालय में बच्चों द्वारा सामूहिक गीत,डांस, भाषण और कविता आदि प्रस्तुत किया । जिससे विद्यालय का माहौल खुशियों से भर गया। बच्चे बहुत खुश नजर आए। बच्चों ने छोटा सा मेला भी लगाया जिससे टी स्टार,चाट पकौड़े,, खिलौने,हस्त शिल्प,, और खिलौनों की दुकाने लगाई । खूब दुकानों का सामान बिका । इससे बच्चों ने आत्मनिर्भर होना सिखाया।। इस बार मेले में गांव के गणमान्य लोग और बच्चे और माताएं बहनें मौजूद रहे।

आल्टो कार ट्रैक्टर में घुसी, बच्ची समेत तीन घायल

लखीमपुर-खीरी। भीरा थाना क्षेत्र में सड़क पर ईंटें पड़ी होने के कारण भीषण सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि ईंटों के चलते आल्टो कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर में जा घुसी। हादसे में एक बच्ची, एक महिला और एक पुरुष घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मची रही। समाचार लिखे जाने तक घायलों का नाम पता नही चल सका। पूरे प्रकरण की जांच पुलिस कर रही है।

युवराज दत्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय बायोमेट्रिक के लिये आज खुलेगा

लखीमपुर-खीरी। युवराज दत्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने बाताया कि महाविद्यालय में नियमित रूप से अध्यनरत समस्त छात्र छात्राओं को दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रति पूर्ति योजना में छात्रवृत्ति आवेदन पत्र की बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए दिनांक 15 नवम्बर 2026 रविवार को विद्यालय खुला रहेगा। प्राचार्य ने सभी छात्र छात्राओं को निर्देशित किया है कि छात्र/छात्राएं निर्धारित तिथि के अनुसार अपना आवेदन पत्र बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूर्ण कर करवा लें।

ननिहाल आए युवक ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के उत्तमानपुर गांव में ननिहाल आए 20 वर्षीय युवक ने शनिवार सुबह घर के आंगन में नीम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।सफीपुर थाना क्षेत्र के हसनखेड़ा निवासी छबिनाथ का पुत्र सुमित दो दिन पहले उत्तमानपुर गांव निवासी अपने नाना महादीन के घर आया था। शनिवार सुबह उसका शव घर के आंगन में नीम के पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बेटे की मौत से मां रूपा का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विद्यालयों में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

शुक्लागंज, उन्नाव। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर शनिवार को नगर के विभिन्न विद्यालयों में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विशेष कार्यक्रमों के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

छठ पूजा को लेकर एसएसपी ने घाटों का किया निरीक्षण

शुक्लागंज, उन्नाव। छठ पूजा पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने गंगाघाट क्षेत्र के गंगा घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और पुलिस व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सीओ सिटी विनी सिंह और गंगाघाट प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

इसी क्रम में एसपी उत्तरी आयुष श्रीवास्तव और एडीएम (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार ने एसडीएम सदर राजेश विश्वकर्मा, सीओ यातायात प्रदीप कुमार मौर्य तथा पुलिस अधिकारियों के साथ आनंद घाट और मिश्रा घाट का संयुक्त निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बैरिकेडिंग, गोताखोरों की तैनाती, नाव और नाविकों की उपलब्धता तथा पार्किंग स्थलों की व्यवस्था भी देखी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

माखी थाने में मुख्य द्वार, बाउंड्रीवॉल व मीटिंग हॉल का लोकार्पण



उन्नाव। माखी थाना परिसर में शनिवार को नवनिर्मित मुख्य द्वार, बाउंड्रीवॉल और मीटिंग हॉल का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

नवनिर्मित मुख्य द्वार से थाने की सुंदरता बढ़ेगी, वहीं बाउंड्रीवॉल से परिसर की सुरक्षा मजबूत होगी। मीटिंग हॉल बनने से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विभागीय बैठकों व अन्य आवश्यक गतिविधियों के संचालन में सुविधा मिलेगी।

इस दौरान एसएसपी ने निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी शैलेन्द्र लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी सफीपुर दीपक यादव, क्षेत्राधिकारी अपराध मधुपनाथ मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सरदार पटेल जयंती पर कांग्रेस पर बरसे एमएलसी रामचन्द्र प्रधान



बीघापुर, उन्नाव। विकासखंड के मगरायर गांव में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य रामचन्द्र प्रधान ने कहा कि सपा, कांग्रेस और विपक्षी दल भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं, जबकि वोट चोरी विपक्ष करता रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर सरदार पटेल के साथ छल-कपट करने और जनता व युवाओं को बरगलाने का आरोप लगाया। सरदार पटेल देश की अखंडता के प्रति प्रतिबद्ध थे और उन्होंने रियासतों को एकजुट करने का ऐतिहासिक कार्य किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में उत्तर प्रदेश की पहचान बदली है और दूसरे प्रदेशों में भी प्रदेशवासियों को सम्मान मिलता है। अवध क्षेत्र के महामंत्री अवधेश कटियार ने कहा कि सरदार पटेल को कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिव बहादुर पटेल ने भी विचार रखे। युवा आल्हा गायक आदर्श दीक्षित ने प्रस्तुति दी, जबकि स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान ग्राम प्रधान अखिलेन्द्र पटेल की ओर से 15 गरीब बच्चों को साइकिल वितरित की गई। एमएलसी ने अपने हाथों से बच्चों को साइकिल दी। जिला पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों को सम्मानित किया गया। स्वागत ग्राम प्रधान राजू पटेल ने किया और संचालन गजेंद्र वर्मा ने किया।

घर से लापता मजदूर का खंती में मिला शव, परिवार में कोहराम

बीघापुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गिरजा नगर निवासी 40 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र रामप्यारे का शव शनिवार सुबह घर से करीब 10 किलोमीटर दूर चिलौली-पिपरासरि मार्ग किनारे पानी से भरी खंती में मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनोज शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे घर से निकले थे। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर पत्नी सीता, बच्चों ने चाचा और पड़ोसियों की मदद से तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। सुबह चिलौली के ग्राम प्रधान अनूप बाजपेई की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे,

न्यायालय के आदेश के बावजूद कब्जे का प्रयास

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के मूरतपुर चैनपुर निवासी समरेंद्र बहादुर सिंह ने न्यायालय के आदेश के बावजूद अपनी कृषि भूमि पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जे का प्रयास करने और धान की फसल काटने से रोकने का आरोप लगाया है। उन्होंने बिहार थाना पुलिस पर आदेश का अनुपालन नहीं कराने और विपक्षियों से मिलीभगत कर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है।

समरेंद्र के मुताबिक, भूमि संख्या 743, 1306, 1307 और 1348 राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज हैं। इन खेतों में धान की फसल बोई गई है। आरोप है कि राहुल सिंह, शिव कुमारी सिंह और प्रकाशिनी सिंह खेत पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मामला सिविल जज (सीनियर डिवीजन), उन्नाव के न्यायालय में मूल वाद संख्या 1292/2026 के तहत विचाराधीन है। पीड़ित के अनुसार, न्यायालय ने 31 अक्टूबर 2026 को थाना प्रभारी बिहार को 21 अक्टूबर के आदेश का अनुपालन कराने के निर्देश दिए थे। आदेश में विपक्षियों को भूमि पर उनके शांतिपूर्ण कब्जे में हस्तक्षेप न करने और जबरन कब्जा नहीं करने की हिदायत दी गई है।

बजाज चीनी मिल गोला के पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ



गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला में नवीन पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ शनिवार को प्रात:काल धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुआ।सर्वप्रथम मिल परिसर स्थित भगवान शिव जी के मंदिर, संकट मोचन श्री हनुमान जी मंदिर, मां मंगला देवी मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर आदि में विधिवत पूजन किया गया। इसके उपरांत डोंगा पर पूजन-हवन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई मुहूर्त का शुभारंभ किया गया। मिल परिसर में बने हवनकुंड में अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों की उपस्थिति में हवन यज्ञ संपन्न हुआ। चीनी मिल के पुजारी सुधीर विजल्वान ने यूनिट हेड राकेश यादव से विधिवत हवन-पूजन कराया।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र गिरी मोंटी, यूनिट हेड राकेश यादव, गन्ना समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुरेश वर्मा, ईश्वरदीन वर्मा, संचालक बृजकिशोर, मुकेश वर्मा, श्याम सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, गन्ना समिति सचिव बलवंत चौधरी सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसान, संभ्रांत नागरिक व पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने डोंगे में गन्ना डालकर मिल के शुभारंभ के लिए पूजन-अर्चन किया।केन हेड पी. एस. चतुर्वेदी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

खीरी में अवैध कच्ची शराब के चला खिलाफ अभियान



लखीमपुर-खीरी। शनिवार को जिलाधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अमित कुमार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 01 ने थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम शिवालापुरवा, महेवागंज, ग्राम सैधरी में दबिस दी। दबिश के दौरान आबकारी निरीक्षक को अवैध शराब बनाने की भठ्ठी मिली। खेत के किनारे लगभग 800 लीटर अवैध लहन व शराब बनाने के उपकरण मिले। अवैध शराब की लहन को नष्ट करा दिया गया। इस कार्यवाही से पूरे क्षेत्र में हड़कम मच गया। शासन के निदेश पर अवैध शराब के खिलाफपरिवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इस संदर्भ में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 01 अमित कुमार ने बताया कि आवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया है। अवैध शराब के खिलाफचार अभियोग पंजीकृत किये गये, लगभग 800 कीग्राम लहन नष्ट की गई।

जिला कारागार में तैनात महिला चौकीदार की मौत

उन्नाव। जिला कारागार में तैनात महिला चौकीदार की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फतेहपुर जिले के खागा थाना क्षेत्र के विजय नगर निवासी गीता मिश्रा (50) पत्नी अंबिका मिश्रा जिला कारागार में चौकीदार के पद पर तैनात थीं। ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी हालत बिगड़ गई।

सूचना पर पहुंचे बेटे आयुष उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बेटे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



निघासन-खीरी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 को बम्हनपुर के निकट बौधिया कलां स्थित मिलन मैरिज हॉल, पिरथीपुरवा चौराहे पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। इसमें मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श, जांच एवं दवाओं सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर में डॉ. गुलाम अहमद (एमबीबीएस), डॉ. वी.डी. त्रिपाठी (एमबीबी एस, एमडी एवं बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. कामरान अहमद (बीयूएमएस) तथा डॉ. नाहिद बानो (एमबीबीएस एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने मरीजों को परामर्श दिया। इस दौरान नाइस नर्सिंग होम लखीमपुर का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा। स्वास्थ्य शिविर के साथ ही तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में आर. इंडियन पब्लिक स्कूल झंडी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शोभा रानी स्कूल निघासन की टीम दूसरे स्थान पर रही। वहीं बालिका वर्ग में शोभा रानी स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सनराइज एकेडमी एवं मीरी पीरी खालसा स्कूल की टीमों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मझगई थाना प्रभारी सुनील मलिक अपने हमराहियों के साथ मौजूद रहे। पुलिस एवं प्रशासन की निगरानी में पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

एक नजर में

बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

उन्नाव। केपी बैडमिंटन क्लब की ओर से आयोजित कृष्णा प्रकाश जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव स्मारक जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शनिवार को 100 से अधिक स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ मुकाबले खेले।चीफकोऑर्डिनेटर रोली सरीन ने बताया कि विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंडर-13 बालक एकल में अभय वर्मा ने अफान को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अरुष सिंह, अथर्व विद्यार्थी और अनुराग वर्मा ने अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-15 बालक एकल में अब्दुल शाद, अर्नव सिंह, अनुराग सिंह और अयान वर्मा ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंडर-13 बालिका एकल में श्रुति बाजपेई और दिव्या पांडेय फाइनल में पहुंचीं। अंडर-15 बालिका एकल में दिव्या पांडेय और दिविजा वर्मा ने जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्लब सचिव अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे। शाम पांच बजे जनपद न्यायाधीश और पुलिस अधीक्षक पुरस्कार वितरण करेंगे।

18 नवंबर को उन्नाव में सजेगी संगीत की महफिल



उन्नाव। संगीत प्रेमियों को इस बार बड़े लाइव कंसर्ट के लिए कानपुर या लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा। भाजपा नेता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के पुत्र शशांक शेखर सिंह सनी की पहल पर 18 नवंबर को सहजनी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिनी स्टेडियम में लाइव म्यूजिक कंसर्ट आयोजित किया जाएगा। इसमें 'मिर्जापुर' फेम गायक मधुर शर्मा अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम शाम चार बजे से शुरू होकर देर रात तक चलेगा।

पार्क व्यू पैलेस में आयोजित प्रेसवार्ता में शशांक शेखर सिंह सनी ने बताया कि छोटे शहरों के लोगों को बड़े आयोजनों के लिए दूसरे शहरों का रुख न करना पड़े, इसी उद्देश्य से कंसर्ट कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए 100 से अधिक महिला और पुरुष बाउंसर तैनात रहेंगे। महिलाओं, युवतियों और परिवारों के लिए अलग-अलग बॉक्स बनाए जाएंगे। महिला दर्शकों की सुरक्षा के लिए महिला बाउंसर भी रहेंगी। इसके अलावा पुलिस, यातायात नियंत्रण और पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद निराला प्रेक्षागृह और शुक्लागंज में वी-मार्ट के बगल से निशुल्क पास प्राप्त किए जा सकेंगे। बिना पास के प्रवेश नहीं मिलेगा।

फंदे से लटका मिला नवविवाहित युवक का शव, कोहराम

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव में 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी गंगा प्रसाद के मुताबिक, उनके भाई पुनीत (25) पुत्र स्व. राम गुलाम ने शुक्रवार देर रात घर के कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। पुनीत की शादी चार माह पहले मौरावां क्षेत्र के बछौरा गांव निवासी रश्मि से हुई थी। घटना के समय पत्नी मायके में थी। शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी रश्मि, मां रामदुलारी, भाई अशोक, गंगा प्रसाद और तीनों बहनों सहित परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचीं कोतवाली की उपनिरीक्षक जोखमनी यादव ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और धमकी देने का आरोप

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के भदनांग गांव में जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी जगदीश के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब नौ बजे गांव के कुछ ईसाई धर्म प्रचारकों ने उसे हनुमान जी की आरती करने से रोका और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी गांव के अन्य लोगों पर भी ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। साथ ही हिंदू देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक बातें कहते हैं। पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

भूमि पर कब्जे के विरोध में दो महिलाओं को पीटा, मुकदमा दर्ज

सफीपुर, उन्नाव। नरहरपुर गांव में देर रात भूमि पर जबरन निर्माण का विरोध करने पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने दो महिलाओं को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी सुनीता पत्नी अरविंद कुमार के अनुसार, शुक्रवार रात गांव के मनमोहन, गोपाल, हरिमोहन, शशिबाला, श्रद्धा, प्रांशी, मान्या और अंतिमा उनके पति व देवर की भूमि पर जबरन निर्माण करा रहे थे। जानकारी मिलने पर वह अपनी देवरानी विनीता के साथ मौके पर पहुंचीं और विरोध किया। आरोप है कि इस पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दोनों महिलाओं पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़िता ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर पहले भी पुलिस और राजस्व विभाग से शिकायत की गई थी। थानाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया कि महिलाओं का मेडिकल परीक्षण कराकर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

ध्रुव की भक्ति और तपस्या का प्रसंग सुनाया

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। कस्बे के शास्त्रीनगर मोहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथावाचक आचार्य रामनिवास द्विवेदी ने भक्त ध्रुव की भक्ति और तपस्या का प्रसंग सुनाया।अपमान और उपेक्षा से आहत बालक ध्रुव ने निराश होने के बजाय दृढ़ संकल्प और अटूट श्रद्धा के साथ भगवान की भक्ति का मार्ग चुना। कठिन तपस्या से भगवान विष्णु को प्रसन्न कर उनके दर्शन प्राप्त किए। उनकी निष्ठा और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें ऐसा स्थान प्रदान किया, जो सदैव अटल रहने वाला है।

रेलवे ट्रैक पर मिला सेल्समैन का शव, हत्या की आशंका

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी मोहल्ले के पास कानपुर-लखनऊ रेलवे लाइन पर शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव की पहचान कर परिजनों को जानकारी दी और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अजगैन, उन्नाव। अजगैन-मोहान मार्ग पर शनिवार दोपहर ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे एंबुलेंस से सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को जानकारी दी।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोट झलोत्तर गांव निवासी प्रेमशंकर (35) पुत्र स्व. राजकुमार शनिवार दोपहर बाइक से सरोसा गांव अपनी मां को लेने जा रहे थे। धाराखेड़ा गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर अचानक मुड़ गया, जिससे उनकी बाइक ट्रॉली में जा घुसी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रेमशंकर सैलून की दुकान पर काम करते थे।

सूचना

मैं पुष्पा देवी शर्मा पत्नी श्री गौरव गौतम, निवासी- 410, पीतांबर नगर भाग 2, उन्नाव, यह घोषित करती हूँ कि मेरे पुत्र सूर्यांश शर्मा उर्फ कृष्णा के जैविक पिता अरविन्द शर्मा से मेरा वर्ष 2019 में तलाक हो चुका है। मेरे पुत्र को मेरे वर्तमान पति श्री गौरव गौतम द्वारा दिनांक 11.08.2026 को विधिवत गोद ले लिया गया है। अत: अब भविष्य में मेरे पुत्र को सूर्यांश शर्मा उर्फ कृष्णा, पिता- गौरव गौतम के नाम से जाना व पहचाना जाए।